# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

*सम्बद्ध*

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
: dnpgonline@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक 13.04.2023

## प्रकाशनार्थ

दिनांक 13.04.2023 गोरखपुर। **महाविद्यालय में साइंस टेक इंस्टीट्यूट लखनऊ द्वारा आयोजित इंटरनेशनल कांफ्रेंस में अपने विषय में बेहतरीन योगदान देने वाले महाविद्यालय के पांच शिक्षकों को विभिन्न विषयों में बेस्ट फैकल्टी अवार्ड** से डॉ. प्रतिमा सिंह को केमिकल साइंस में, डॉ. विभा सिंह को ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंस में, डॉ. हिमांशु यादव को लाइफ साइंस में, डॉ. राम प्रसाद यादव को ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंस में एवं डॉ. पवन कुमार पाण्डेय को कंप्यूटेशनल साइंस में सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह एवं आइ.क्यू.ए.सी. कोऑर्डिनेटर प्रो. परीक्षित सिंह की उपस्थिति में उक्त पांचों शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

**इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने उक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि इस** प्रकार से अन्य संस्थाओं से एकेडमिक क्षेत्र में शिक्षकों को सम्मान मिलना किसी भी महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। एकेडमिक क्षेत्र में योगदान देना किसी भी शिक्षक का कर्तव्य होता है और हमारी संस्था एवं शिक्षक आइ.क्यू.ए.सी. के निर्देशन में निरंतर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।

**आइ.क्यू.ए.सी. कोऑर्डिनेटर प्रो. परीक्षित सिंह ने कहा की किसी भी संस्था के नैक** मूल्यांकन में शिक्षकों के अवार्ड का बड़ा महत्व है, शिक्षकों के अवार्ड की गणना प्रति वर्ष के आधार पर की जाती है। इसलिए यह अवसर हम सभी के लिए गौरवपूर्ण है।

**उक्त जानकारी सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ शैलेश कुमार सिंह ने दी।**

**डॉ. (शैलेश कुमार सिंह)**
**मीडिया, प्रभारी**